**Additional Attachment- 2-3**

**परियोजना का नाम** :– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विकास खण्ड रामगढ़ मे लक्ष्मीखान – नथुवाखान – प्यूडा–क्वारव मोटर मार्ग के कि0मी0 11 मे नावली नामक स्थान से लोश्ज्ञानी तक सम्पर्क मोटर मार्ग के निर्माण हेतु।

प्रारुप–6

## प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

आज दिनाँक 08.05.2018 को निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग नैनीताल के द्वारा लक्ष्मीखान – नथुवाखान – प्यूडा–क्वारव मोटर मार्ग के कि0मी0 11 मे नावली नामक स्थान से लोश्ज्ञानी तक सम्पर्क मोटर मार्ग के निर्माण हेतु समरेखणों का स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री खष्टी बल्लभ जोशी, वन दरोगा, राजस्व विभाग की ओर से सुश्री नेहा जोशी, राजस्व उपनिरीक्षक (नथुवाखान), प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री रोहित सिंह दुग्ताल, कनिष्ठ अभियन्ता एवं विभागीय अमीन द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु समरेखण के चयन तथा अन्य वैकल्पिक समरेंखणो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखण उपयुक्त पाया गया है, उसमें 3960 (मी0) नाप भूमि, 1040 (मी0) सिविल भूमि, शून्य (मी0) वन पंचायत भूमि एवं शून्य (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस प्रकार स्थल के चयन में 9 मीटर चौडाई के अनुसार कुल 4.500 हेक्टेयर भूमि मे से 0.936 हे0 नाप भूमि, 0.315 हे0 सिविल भूमि, शून्य हे0 वन पंचायत भूमि एवं शून्य हे0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 0.936 हे0 भूमि के वन हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेंखण पर 135 वृक्ष चीड़ प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से शून्य बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे ।

इस समरेंखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेंखण देखे गये वह मोटर मार्ग के निर्माण किये जाने हेतु सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से समरेंखण उपयुक्त नही पाया गया है।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित समरेंखण संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित समरेंखण सिविल सोयम एवं नाप भूमि से गुजरता है। प्रभावित होने वाली सिविल सोयम (बंजर) एवं नाप भूमि ग्राम ल्वेशज्ञानी पर चीड प्रजाति के वन हैं, जिनका वर्तमान वन आच्छादन ..... है। चुने गये समरेखण का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान 29°27'28.07"N, 79°34'45.27"E है तथा यह समरेखण लक्ष्मीखान – नथुवाखान – प्यूडा–क्वारव मोटर मार्ग के कि0मी0 11 मे नावली नामक स्थान से प्रारम्भ होता है तथा इस समरेंखण के अन्तिम स्थान का GPS मान 29°27'40.98"N, 79°35'14.61"E है।

चयनित उपयुक्त समरेंखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है। चयनित उपयुक्त समरेंखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही हो रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता<br>सहायक अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड, लो०नि० विभाग नैनीताल | अधिशासी अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0<br>नैनीताल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| पटवारी<br>00/02/19<br>RSI नथुवाखान | तहसीलदार | उपजिलाधिकारी<br>नैनीताल<br>उपजिलाधिकारी नैनीताल | जिलाधिकारी<br>नैनीताल |

| | | |
|---|---|---|
| वन क्षेत्राधिकारी<br>वन क्षेत्राधिकारी उत्तरी गौला रेंज क्षेत्र<br>नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल<br>01/03/19 | उपप्रभागीय वनाधिकारी<br>उपप्रभागीय वनाधिकारी (नं०)<br>नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल. | प्रभागीय वनाधिकारी<br>नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल। |